न्यायालय : माननीय राजस्व मण्डल, म0प्र0 ग्वालियर

पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक /07

R 993-II/07

श्री के. के. द्विवेदी द्वारा आज दि. 11-6-07 को प्रस्तुत।

अवर सचिव
राजस्व मण्डल म. प्र. ग्वालियर

कमला प्रसाद तनय स्व. श्यामबिहारी पाण्डेय
निवासी ग्राम रैला तहसील सिंगरौली
जिला - सीधी म0प्र0

--- आवेदक

// विरुद्ध //

1- रामदयाल तनय जनकलाल साहू
2- हीरालाल तनय जनकलाल साहू
सभी निवासी,ग्राम - रैला तहसील-सिंगरौली
जिला - सीधी म0प्र0
3- म0प्र0 शासन

--- अनावेदकगण

न्यायालय अपर कमिश्नर रीवा संभाग रीवा द्वारा प्रकरण क्रमांक 243/अपील/06-07 में पारित आदेश दि0 21-3-07 के विरुद्ध म0प्र0 भू राजस्व संहिता की धारा-50 के अधीन पुनरीक्षण।

=====0=======

11-6-07
K.K. Dwivedi

माननीय महोदय,

आवेदक की ओर से निम्नांकित निवेदन है :-

मामले के संक्षिप्त तथ्य :-

1- यह कि, अनावेदक क्रमांक-1 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सिंगरौली के समक्ष धारा 89 के अधीन आवेदनपत्र प्रस्तुत किया गया कि ग्राम रैला की 68/2 रकबा 2.023 हे0

---2

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

आदेश पृष्ठ

भाग – अ

प्रकरण कमांक निगरानी 993–दो/2007 जिला सीधी

| स्थान तथा दिनांक | कार्यवाही अथवा आदेश | पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 16–03–2017 | उभय पक्ष अभिभाषकों द्वारा प्रस्तुत तर्कों पर विचार किया।<br>2/ प्रकरण का अवलोकन से स्पष्ट है कि बंदोबस्त में हुई त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होने पर उपखण्डीय अधिकारी द्वारा आवेदक स्वीकार कर बंदोबस्त में हुई त्रुटि को सुधारने के आदेश दिये हैं। उपखण्डीय अधिकारी के आदेश को अपर कलेक्टर एवं अपर आयुक्त द्वारा स्थिर रखा गया है। अपर आयुक्त द्वारा स्पष्ट निष्कर्ष निकाला है कि बंदोबस्त के पूर्व से अनावेदक का स्वत्व व हक है तो त्रुटिवश यदि अभिलेख में कोई भिन्नता आ जाती है तो उसका सुधार करना शासन का प्रथम दायित्व है। यदि शासन के द्वारा ऐसी कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो किसी व्यक्ति के आवेदन पर सुधार किया जाता सकता है। अपर आयुक्त द्वारा निकाले गये निष्कर्ष में कोई अवैधानिकता प्रकट नहीं होती है इसके अतिरिक्त तीनों अधीनस्थ न्यायालयों के समवर्ती निष्कर्ष हैं जिनमें हस्तक्षेप का कोई आधार इस निगरानी में नहीं है। फलस्वरूप यह निगरानी अधारहीन होने से निरस्त की जाती है। अपर आयुक्त रीवा का आदेश दिनांक 21–3–2007 स्थिर रखा जाता है। पक्षकार सूचित हो। प्रकरण दाखिल रिकार्ड हो।<br>(एस0एस0 अली)<br>सदस्य | |